हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

05 मई 2025, समय 1810

- राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकी अर्शडल्ला से जुड़े एक गोलीबारी मामले की जांच के लिए राजस्थान और हरियाणा छापेमारी की।
- भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता अजय राय द्वारा पहलगाम आतंकी हमले पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की आलोचना की।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दयालु योजना के लाभार्थियों के खाते में 86 करोड़ 93 लाख  रुपये की राशि ट्रांसफर की।
- केन्द्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस पर प्रदेश में कई जगहों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।
- हरियाणा में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह रोकने का प्रयास जारी।

***********************************************************************

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला से जुड़े 2024 नीमराणा होटल फायरिंग मामले की जांच के लिए राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में 10 स्थानों पर छापेमारी की। अभिकरण की जांच में पता चला है कि डल्ला के सहयोगी प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठनों के लिए धन उगाने के लिए आतंक और हिंसा का इस्तेमाल करते हैं। तलाशी के दौरान, आरोपियों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। देश में सक्रिय आतंकी और गैंगस्टर का खात्मा करने के लिए जांच जारी है।

********************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने आज कांग्रेस नेता अजय राय द्वारा पहलगाम आतंकी हमले पर सरकार के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद कांग्रेस पर निशाना साधा। नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विपक्षी नेता कह रहे हैं कि वे सरकार के साथ हैं, लेकिन कांग्रेस के कुछ नेता देश के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं।

1-बाइट सुधांशु त्रिवेदी (18 सेकंड )

*अगर पाकिस्तान की सेना को लगता है कि उनके इन प्रयासों से भारत की सेना डीमोरलाइज हो सकती है तो मुझे लगता है ठीक उसी भाव से इंडी गठबंधन और कांग्रेस के तमाम नेता अपने बयानों के गोलें बरसाते हैं जो भारत की सेना के मनोबल को कम करने के लिए लक्षित होते हैं।*

श्री त्रिवेदी ने इस बात पर बल दिया कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को सजा अवश्य दी जाएगी।

******************************************************************

केन्द्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 71 वें जन्मदिवस पर आज प्रदेश में कई जगह रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।राज्यसभा सांसद किरण चौधरी की अगुवाई में भिवानी, तोशाम व लोहारु में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए । इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की।

मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छोकर की गिरफ्तारी को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि कानून के हाथ लंबे होते है, वो दोषी को पकड़ ही लेते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म सिंह छोकर के तो 1500 करोड़ हैं जबकि दान सिंह का तो मामला 13 हजार करोड़ रूपये का है।श्रीमती किरण ने कहा कि कांग्रेस के किसी भी नेता का घपला घोटाला एक हजार करोड़ रू से कम नहीं है।हरियाणा में कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ अभियान पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भीमराव अंबेडकर को कांग्रेस ने ही प्रताड़ित किया था। अब वोट के लिए हाथों में संविधान की किताब उठा ली है।वहीं पंजाब व हरियाणा के बीच छिड़ी पानी की जंग पर श्रीमती किरण चौधरी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की आलोचना की।

************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ से दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना 2 हजार 286 लाभार्थियों के खाते में 86 करोड़ 93 लाख रुपये की राशि सीधे उनके खातों में डाली। काबिलेगौर है कि मौत हो जाने पर उन्हें □ं□स बंधाने व परिवार को आर्थिक मदद देने के लिए हरियाणा सरकार ने 1 अप्रैल 2023 से दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा (दयालु) योजना शुरू की थी।इस योजना के तहत अब तक 28 हजार 644 लाभार्थियों के आधार से जुड़े बैंक खाखातों में 1076 करोड़ 275 लाख रुपये की वित्तीय सहायता पहले ही भेजी जा चुकी है।

*************************************************************************

हरियाणा बाल कल्याण विकास विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने आज कुरुक्षेत्र में बाबैन मंडी स्थित किसान विश्राम गृह में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में का शुभारंभ किया। कैथल में रक्तदान शिविर आयोजी रक्तदान शिविर में युवाओं के साथ साथ महिलाओं ने भी बढ़ च�क़र भाग लिया। शिविर में 101 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के आवास कार्यालय पर आज पूर्व मुख्यमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 123 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।रोहतक में भी रक्तदान शिविर लगाया गया। साथ ही पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

*************************************************************************

पंचकूला में भी मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार तरुण भंडारी की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सेना व होमगार्ड के जवानों और स्थानीय युवक युवतियों ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 250 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।शिविर में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, श्रीमती श्रुति चौधरी, खेल राज्य मंत्री राजेश नागर, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल तथा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने रक्तदान करने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें बैज लगाकर सम्मानित किया। रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न भी दिए गए।

*************************************************************************

हरियाणा और पंजाब के बीच जल विवाद को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल ने प्रदेश के कई शहरों में प्रदर्शन किया।पानीपत में प्रदर्शन की अगुवाई इनेलो नेता एवं डबवाली से विधायक आदित्य चौटाला ने की। प्रदर्शन करते हुए इंडियन नेशनल लोकदल के सैकड़ो कार्यकर्ता सचिवालय पहुंचे और पानीपत उपायुक्त को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में आदित्य चौटाला ने कहा-

उन्होंने कहा कि हरियाणा पंजाब के बीच जल विवाद लगातार गहराता जा रहा है । इस विवाद पर हरियाणा में बीजेपी और विपक्षी पार्टियों ने प्रदर्शन कर यह दिखाने का प्रयास किया कि हरियाणा को उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए और पानी के लिए विपक्ष व अन्य पार्टियां

साथ है।उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पंजाब सरकार को बर्खास्त कर मामला दर्ज करने की मांग की।

**********************************************************************

हरियाणा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में सक्रिय योगदान दे रहा है। प्रदेश में विभिन्न विभागों के माध्यम से हर स्तर पर बाल विवाह रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों को इस कुरीति के नुकसानों के बारे भी जागरूक किया जा रहा है।

पंचकूला की सिविल सर्जन डॉ मुक्ता कुमार ने आकाशवाणी समाचार को बताया -

उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखना चाहिए की लड़की की शादी 18 साल के बाद ही करें और कोशिश करें कि वह जो गर्भ धारण करें वह 20 साल के बाद करें। जिससे एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे पाए और मानसिक रूप से भी वह परिपक्व हो पाए।